**सफलता** श्रेष्ठ मिश्रा, ईशान गुप्ता, उत्कर्ष कुमार जैन और राघव वर्मा ने किया प्रदेश का नाम रोशन

# राष्ट्रीय स्केटिंग में मप्र के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने देहरादून, उत्तराखंड में 10 से 15 जुलाई तक आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत नैशनल फिगर एवं स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राज्य के होनहार खिलाड़ी श्रेष्ठ मिश्रा (अंडर-14) ने तकनीकी कौशल दिखाते हुए रजत पदक पर कब्जा किया, वहीं ईशान गुप्ता (अंडर-16) ने 500 मीटर स्पीड स्केटिंग स्पर्धा के कड़े मुकाबले में कांस्य पदक हासिल कर सफलता दर्ज की। टीम के अन्य सदस्यों में उत्कर्ष कुमार जैन (अंडर-12) और राघव वर्मा (अंडर-16) ने भी शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए रेड रिबन जीत कर अपनी खेल क्षमता को साबित किया।

### कोच के मार्गदर्शन से मिली उपलब्धि

कोच रामकिशोर सोनी के तकनीकी मार्गदर्शन और रणनीतिक प्रशिक्षण की बदौलत खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय मंच पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। टीम की इस शानदार कामयाबी पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बैनर्जी, खेल निदेशक एहतेशामउद्दीन, सहायक खेल निदेशक राजेंद्र बारस्कर, विकलांग सेवा भारती के प्राचार्य राकेश कुमार शर्मा और वेलकम टू स्पेशल चाइल्ड स्पोर्ट्स अकादमी की संरक्षिका डॉ. मधुलिका त्रिपाठी सहित समस्त खेल पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों व मुख्य प्रशिक्षक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की है।

# योग में जबलपुर जोन और चेस में उज्जैन जोन अव्वल

**योग स्पर्धा में 24 और चेस स्पर्धा में 18 मेडल वितरित किए गए**



**नवभारत, जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च आईएससी स्कूल में दो दिवसीय योगा और चेस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ, जिसमें इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर एवं जबलपुर जोन के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर शाला के प्राचार्य साजी थॉमस द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया, जिसके तहत योगा एवं चेस में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल प्रदान किए गए। योगा स्पर्धा में कुल 24 मेडल वितरित किए गए, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जबलपुर जोन ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि चेस स्पर्धा में 18 मेडल बांटे गए, जिसमें उज्जैन जोन ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

### निर्णायकों ने निभाई अहम भूमिका

प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सचिन कुमार तिवारी, शिवम गुप्ता, देवेन्द्र मिश्रा, युक्त शर्मा, आशीष रैकवार, डॉ. रचना जैन, रुक्मणी राव, सलोनी अरोरा, पंखुड़ी तनेजा, अंजाना नसकर, सोमनाथ पांडे एवं श्वेता जैन ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी उपस्थित जनों ने इस सफल आयोजन के लिए क्राइस्ट चर्च स्कूल की उत्कृष्ट मेजबानी की सराहना की। कार्यक्रम का मंच संचालन रागिनी शुक्ला एवं सेमुअल गेगरीन द्वारा किया गया तथा अंत में प्राचार्य साजी थामस ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विभिन्न जोन के पदाधिकारी, योगा एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह ठाकुर एवं चेस एसोसिएशन से उत्कर्ष अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



# अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर हॉकी मैच आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल क्रीड़ा परिषद द्वारा खेलधानी में भारत माता के अमर सपूतों की याद में उनकी जयंती पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाता है। इसी श्रंखला में आज रानीताल खेल परिसर में रविवार को अमर शहीद मंगल पांडे की स्मृति में हॉकी मैच का आयोजित किया गया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा नवोदित सितारों को मंगल पांडे की शहादत पर प्रकाश डालते हुए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद मंगल पांडे के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व खेलधानी जबलपुर की ख्यातिलब्ध वरिष्ठ हस्तियों ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रशांत मिश्रा , अरुण यादव, कुलदीप सिंह बरार, दिनेश ठाकुर, राजेशकांत सोनकर राज, डॉ. राजेन्द्र पिल्लै, धर्मेन्द्र कुशवाहा, संदीप वर्मा, राजू स्वामी, मोहम्मद शकील, अकबर खान, जाकिर अली की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन राकेश श्रीवास द्वारा किया गया।

# जीआरपी ने चलाया ऑपरेशन हमदर्द, 24 से हुई पूछताछ

**जबलपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेल राजाबाबू सिंह के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में जबलपुर जीआरपी द्वारा आपरेशन हमदर्द संचालित किया जा रहा है 1 से 31 जुलाई तक चल रहे इस विशेष अभियान में रविवार 19 जुलाई को 19वें दिन लगभग 24 लोगों का डिजिटल डोजर बनाया गया. इसी क्रम में झारखंड का मंदबुद्धि युवक मिला, जिससे पूछताछ कर उनके परिजनों को सूचित कर उनके सुपुर्द किया गया.

इस अभियान का उद्देश्य रेलवे क्षेत्र में लंबे समय से रह रहे निराश्रित, परित्यक्त व्यक्तियों, भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों तथा



बेवजह घूमने वाले/अनाथ बच्चों की पहचान कर उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना एवं आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्रवाई एवं पुनर्वास की प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। इसी क्रम मे 19 जुलाई को अभियान के उन्नीसवें दिन जीआरपी इकाई के थाना/चौकी क्षेत्राधिकार के रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म, मुसाफिरखाना एवं आसपास के रेलवे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभयान के दौरान 12 पुरुष, 09 महिला एवं 03 बालक कुल 24 व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ की गई तथा उनका डिजिटल डोजर तैयार किया या। पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्तियों की पहचान, निवास, पारिवारिक स्थिति एवं अन्य आवश्यक जानकारी संकलित की गई। जिन मामलों में आवश्यकता प्रतीत हुई, उनमें आवश्यक कार्यवाही की गई।

### मंदबुद्धि युवक को परिवार से मिलाया

इसी क्रम में जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा रेलवे स्टेशन जबलपुर परिसर में एक मंदबुद्धि युवक अकेला एवं असहाय अवस्था में भटकता मिला, जिसने अपना नाम अजमेर अंसारी, पिता इम्तियाज अंसारी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम दुलदुलवा, थाना मरालि, जिला गढ़वा (झारखंड) बताया। निर्देशानुसार युवक को सुरक्षित रूप से थाना जीआरपी जबलपुर लाया गया। उसके साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए पूछताछ की गई, जिससे उसके परिजनों का मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात तत्काल परिजनों से संपर्क स्थापित कर उन्हें जबलपुर थाना आने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही युवक के पिता इम्तियाज अंसारी जबलपुर पहुंचे। अपने बिछड़े बेटे को सकुशल सामने देखकर उनकी आंखें नम हो गईं और उन्होंने जीआरपी जबलपुर का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# दुर्गा हनुमान मंदिर राम कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवभारत, जबलपुर।** श्री दुर्गा हनुमान मंदिर सरस्वती कॉलोनी में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर जारी श्रीराम कथा के पांचवे दिन कथा व्यास किशोरी साक्षी दीदी ने संस्कारों के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि भगवान राम ने भाइयों सहित धरा धाम पर अवतरित होकर ऐसी बाल लीलाएं कीं, जिनके संस्कारों को जीवन में उतारकर उसे आनंदमय बनाया जा सके। उन्होंने वर्तमान परिवेश का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा और पारिवारिक वातावरण में आज संस्कारों को पीछे छोड़ दिया गया है, जबकि संतान सदैव माता-पिता का ही अनुसरण करती है।



आगामी छठे दिन की कथा में भगवान के मंगल विवाह प्रसंग का श्रवण कराया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान व मंदिर समिति अध्यक्ष देवेंद्र और सरिता नेमा सहित शकुन ठाकुर, प्रभा शर्मा, नानीबाई विश्वकर्मा, शकुंतला पटेल, उर्मिला अग्रवाल, तुलसा खरे, सावित्री शुक्ला, प्रति गुप्ता, रघुराज सिंह ठाकुर, राजेंद्र गुप्ता, अमरसिंह ठाकुर, संदीप नेमा, अनिल सुहाने, मोहित तिवारी, विशाल पंड्या और पंडित दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बदमाशों ने युवक को बेरहमी से पीटा

**जबलपुर।** मझोली थाना अंतर्गत कमानिया गेट के पास बदमाशों ने एक युवक को रोक कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक ओम सोनी 18 वर्ष निवासी ग्राम अमगवॉ देवरी ने रिपोर्ट्र दर्ज करायी कि बीती रात 2 बजे ग्राम रीछी बम्होरी से अपनी मोटर सायकिल से घर वापस आ रहा था दौरा वाली रोड कमानिया गेट के आगे सोनू मिश्रा एवं तनवीर शाह मिले जो उसे रोक कर शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनो ने हाथ मुक्को से मारपीट की सोनू ने डण्डे से मारपीट कर हाथ पैर मे चोटे पहुंचा दी है।

# शास्त्रीय संगीत शैली में हुजूरी रागी जत्था ने पेश किया कीर्तन

**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में अमृतसर पंजाब के श्री दरबार साहिब हरमंदिर साहिब से पधारे विख्यात हुजूरी रागी जत्था भाई सिमरप्रीत सिंह ने शास्त्रीय संगीत शैली में विविध रागों से ओतप्रोत मनोहारी गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर संगत को रसविभोर कर दिया।

उन्होंने बताया कि साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की संपूर्ण पद्यमय गुरुवाणी 31 मुख्य राग और 29 उप रागों में दर्ज है, जो गायकों और श्रोताओं के मन में गहरा आध्यात्मिक भाव उत्पन्न करती है। इस दिव्य कीर्तन को सुनने नगर सहित समीपस्थ शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पंगत में गुरु का लंगर



वितरित किया गया। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश से आए बड़ू साहिब के अनहद जत्थे ने भी शबद पेश किए। अंत में मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने सर्वत्र के भले की अरदास की, जिसके बाद मुखवाक् और कड़ाह प्रसाद के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस मौके पर प्रधान रजिंदर सिंह छावड़ा, सचिव मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की, हरजीत सिंह सूदन, नंदसिंह जस्सल और सोनू सलूजा सहित आयोजन समिति ने रागी को शॉल व सिरोपा प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

**अभियान** नशामुक्ति अभियान की प्रशंसा, जनजागरूकता रथ रवाना

# 331 दिन का सफर तय कर जबलपुर पहुंची बुलेट क्वीन, नशामुक्ति का दिया संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** केरल से बुलेट (रॉयल एनफील्ड) पर लंबी यात्राएं करने वाली प्रसिद्ध महिला बाइकर शाइनी राजकुमार विगत 331 दिनों से केरल से यात्रा प्रारम्भ कर भारत के मध्य जिला जबलपुर पहुंची । बुलेट क्वीन ऑफ केरल जबलपुर पुलिस के नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान में शामिल हुई है।

प्रसिद्ध महिला बाइकर शाइनी द्वारा मध्यप्रदेश में चलाये जा रहे नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान की प्रशंसा करते हुये पूरे भारत में नशा मुक्ति अभियान चलाते हुये जागरूकता लाने कहा। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी को शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम उपरांत घंटाघर से नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 के बैनर पोस्टर से सुसज्जित जनजागरूकता रथ एवं प्रसिद्ध महिला बाइकर शाइनी राजकुमार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनु बेनिवाल द्वारा हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी, कर्मचारी तथा



रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. के सदस्य लगभग 500 की संख्या में शामिल रहे ।

उल्लेखनीय है कि शाइनी राजकुमार को केरल की पहली महिला बुलेट राइडर्स क्लब, डॉटलेस रॉयल एक्सप्लोरर्स की संस्थापक के रूप में जाना जाता है। पूर्व में उन्होंने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा के विरोध में कन्याकुमारी से लेह-लद्दाख तक 42 दिनों में 12,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। आप वर्तमान में देश भर में महिलाओं की सुरक्षा और नशा मुक्त भारत जैसे अभियानों का संदेश देने के लिए बुलेट से यात्राएं कर रही है।

### जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, रैलियां, दिलाई गई शपथ

रविवार को एएसपी शहर आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण अनु बेनिवाल् द्वारा रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय के डॉक्टर देवांशू गौतम, चंद्रशेखर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल अंजुल अयंक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक अपराध उदयभान बागरी, तथा अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. के सदस्यों की उपस्थिति में कन्ट्रोल रूम जबलपुर में नशे से दूरी, है जरूरी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही जिला जबलपुर के समस्त थानों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम, रैली आदि आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। शपथ भी दिलाई गई । सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड एवं पीवीआर मॉल में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



# किसानों को मिला उचित दाम, उपभोक्ताओं में उत्साह

**जबलपुर।** प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर में लगाये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट का आज भी सफल आयोजन सफल आयोजन किया गया। साप्ताहिक जैविक हाट ने स्थानीय उपभोक्ताओं और जैविक खेती करने वाले किसानों के बीच एक मजबूत कड़ी का काम कर रहा है, जिससे दोनों ही पक्षों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। अक्सर शुद्ध और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के लिए भटकने वाले शहरी व स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए यह हाट एक वरदान साबित हो रहा है। हाट में पहुँचे उपभोक्ताओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें एक ही छत के नीचे बेहतरीन जैविक उत्पाद आसानी से मिल रहे हैं। बाजार से मिल रहा सकारात्मक रुझान यह दर्शाता है कि लोग अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं और जैविक उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### किसानों के चेहरे खिले, मिला उपज का उचित दाम

दूसरी ओर, रासायनिक खादों को छोड़कर प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों के लिए यह हाट बेहद लाभकारी सिद्ध हुआ। बिचौलियों से मुक्त सीधे बाजार मिलने के कारण किसानों को अपनी उपज का सही और वाजिब दाम प्राप्त हुआ। उचित मूल्य मिलने से जैविक किसानों में खुशी की लहर है और उनका मनोबल बढ़ा है। रविवार को आयोजित साप्ताहिक जैविक हाट के सफल संचालन की पूरी जिम्मेदारी विकासखंड पाटन के कृषि विभाग की रही। विभाग द्वारा की गई उत्कृष्ट संचालन व्यवस्था से उपभोक्ता और किसान दोनों ही पूरी तरह संतुष्ट नजर आए। इस पूरे आयोजन का सफल नेतृत्व उप संचालक एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी द्वारा किया गया।